
# BLOOD RELATION

Q) Vijay says "Ananda's mother is the only daughter of my mother". How is Ananda related to Vijay?

(विजय कहता है, "आनन्द की माता मेरी माता की एकमात्र पुत्री है। आनन्द विजय से किस प्रकार संबंधित है?)


⇒ Nephew / भांजा




Q) Rajiv is the brother of Atul. Sonia is the sister of Sunil. Atul is the son of Sonia. How is Rajiv related to Sonia?

(राजीव अतुल का भाई है, सोनिया सुनील की बहन है। अतुल सोनिया का पुत्र है तो यह बताइए कि राजीव का सोनिया से क्या संबंध है?)


⇒ Son/ पुत्र




Q) Sita is the niece of Ashok. Ashok's mother is Lakshmi. Kalyani is Lakshmi's mother. Kalyani's husband is Gopal. Parvathi is the mother-in-law of Gopal. How is Sita related to Gopal?

(सीता अशोक की भतीजी है। अशोक की माता लक्ष्मी है। कल्याणी लक्ष्मी की माता है। कल्याणी का पति गोपाल है। पार्वती गोपाल की सास है। सीता का गोपाल से क्या संबंध है?)


⇒ Sita is Gopal's great grand-daughter
(सीता गोपाल की पड़नातिन है।)



Q) Seema is Sudhir's daughter-in-law and Ramesh's sister-in-law. Mohan is Sudhir's son and Ramesh's only brother. How is Seema related to Mohan?

(सीमा सुधीर की बहू है और रमेश की भाभी है। मोहन सुधीर का पुत्र और रमेश का अकेला भाई है। सीमा का मोहन से क्या संबंध है ?)


⇒ Wife / पत्नी




Q) Suresh's sister is the wife of Ram. Ram is Rani's brother. Ram's father is Madhur. Sheetal is Ram's grandmother. Rema is Sheetal's daughter-in-law. Rohit is Rani's brother's son. Who is Rohit to Suresh?

(सुरेश की बहन राम की पत्नी है। राम रानी का भाई है। राम के पिता मधुर हैं। शीतल राम की दादी है। रीमा शीतल की पुत्रवधु है। रोहित रानी के भाई का पुत्र है। रोहित, सुरेश का क्या लगता है ?)


⇒ Nephew / भांजा




Q) Rahul and Robin are brothers. Pramod is Robin's father. Sheela is Pramod's sister. Prema is Pramod's niece. Shubha is Sheela's granddaugher. How is Rahul related to Shubha?

(राहुल और रोबिन भाई हैं। प्रमोद रोबिन के पिता हैं। शीला प्रमोद की बहन है। प्रेमा प्रमोद की भान्जी है। शुभा शीला की नातिन (दोहती) है। राहुल शुभा के क्या लगते हैं ?)


⇒ Uncle/मामा




Q) Preeti has a son, named Arun. Ram is Preeti's brother. Neeta too has a daughter named Reema. Neeta is Ram's sister. What is Arun's relationship to Reema?

(प्रीति का अरुण नामक पुत्र है। राम, प्रीति का भाई है। नीता की भी रीमा नामक पुत्री है। नीता, राम की बहन है। अरुण का रीमा के साथ क्या संबंध है ?)


⇒ Cousin/मौसेरा भाई




Q) Raghu and Babu are twins. Babu's sister is Reema. Reema's husband is Rajan. Raghu's mother is Lakshmi. Lakshmi's husband is Rajesh. How is Rajesh related to Rajan?

(रघु तथा बाबू जुड़वाँ हैं। बाबू की बहन रीमा है। रीमा का पति राजन है। रघु की माँ लक्ष्मी है। लक्ष्मी का पति राजेश है। तदनुसार, राजेश का राजन से क्या रिश्ता है ?)

⇒ Father-in-law/ससुर




Q) Ramu's mother said to Ramu, "My mother has a son whose son is Amit". How is Amit related to Ramu?

(रामू की माता ने रामू से कहा, " मेरी माता का एक बेटा है जिसका पुत्र अमित है।" अमित का रामू के साथ क्या सम्बन्ध है ?)

⇒ Cousin/ ममेरा भाई

